>

Title: Need to declare Manjhi Garh and Karah Garh in Saran district, Bihar as heritage sites and develop them as tourist places.

श्री जनार्दन सिंह सिग्रीवाल (महाराजगंज): महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जी का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र महाराजगंज लोक सभा, बिहार के सारण (बिहार) जिलान्तर्गत मांझी प्रखंड के मांझीगढ़ एवं बनियापुर प्रखण्ड के कराहगढ़ की ओर दिलाना चाहता हूँ।

उपर्युक्त दोनों गढ़ ऐतिहासिक और पौराणिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। प्राचीन काल के इतिहास में भी दोनों गढ़ों की महत्ता और विशेषता के संबंध में चर्चा है। आज भी इन स्थलों पर अनेकों लोग देश, प्रदेश यहां तक कि विदेशों से भी इसे देखने के लिए आते हैं। ऐसे में मैं चाहता हूँ कि उक्त दोनों गढ़ों को ऐतिहासिक धरोहर के रूप में घोषित कर पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित किया जाए। ऐसा होने से हमारे संसदीय क्षेत्र के विकास के साथ-साथ देश के पर्यटन उद्योग को भी बढ़ावा मिलेगा।

अत: मैं आपके माध्यम से भारत सरकार के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जी से आग्रह करता हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र के मांझीगढ़ एवं कराहगढ़ को ऐतिहासिक धरोहर घोषित करते हुए पर्यटनीय दृष्टि से विकसित करने के लिए अलग से पैकेज दिया जाए।